भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-3152
जिसका उत्तर 11 जुलाई, 2019 को दिया जाना है ।

गांवों का विद्युतीकरण

3152. श्रीमती गीताबेन वजेसिंहभाई राठवाः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश भर के सभी विद्युत-रहित गांवों के विद्युतीकरण हेतु कोई योजना बनाई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार ने दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित उन गांवों में जहां पर ग्रिड का विस्तार न तो व्यवहार्य है और न ही किफायती, वहां पर ग्रिड के बिना विद्युतीकरण करने हेतु क्या कदम उठाए हैं?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री

(श्री आर. के. सिंह)

(क) से (ग) : राज्यों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, 28.04.2018 तक सम्पूर्ण देश में सभी आवासित जनगणना गांवों का विद्युतीकरण कर दिया गया है। राज्यों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार 01.4.2015 को देश में 18,452 गैर-विद्युतीकृत गांव थे। बाद में राज्यों द्वारा 1,227 अतिरिक्त गांव गैर-विद्युतीकृत सूचित किए गए थे। कार्यक्रम के कार्यान्वयन के दौरान 1305 गांव बिना बसावट वाले/स्थाई चारागाह रिजर्व पाए गए तथा शेष 18,734 गांव विद्युतीकृत कर दिए गए थे। इनमें से, 2762 गांवों को ऑफ-ग्रिड सॉल्यूशन द्वारा विद्युतीकृत किया गया।

****